# Dean Students Welfare Office, MDU Rohtak
# Details of Activities held from July 2022 to June 2023

**NAAC- Criteria 7**

| Sr. No. | Activity/Visits | Date and venue of event | Topic | Resource person/Chief Guest | Number of participants | Organizer |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Kargil Vijay Diwas | 26/07/2022/ M.D.U Campus | Celebration of Kargil Vijay Diwas was organized at University Campus on 26th july 2022. | Dr. Surender Kumar Jain, Joint Secretary Hindu Parishad and Prof. Rajbir Singh , Vice-Chancellor MDU, Rohtak | 550 | Dean Students' Welfare Office |
| 2. | Har Ghar Tiranga on the occasion of Independence Day | 13/08/2022/ M.D.U Campus | Independence Day was celebrated on 15th August 2022 at MDU Campus Rohtak | Sh. Manish Grover, Former Minister of Haryana | 2000 | Dean Students' Welfare Office |
| 3. | Teej Utsav | 19/08/2022/ Rose Garden, M.D.U Campus | Teej Utsav was celebrated at University Campus on 19th August 2022 by Organizing Cultural programme / folk dance etc. | Prof. Rajbir Singh, Vice-Chancellor MDU, Rohtak | 1400 | Dean Students' Welfare Office |
| 4. | Birth Anniversary of Mahatama Gandhi and Sh. Lal Bahadur Shastri | 02/10/2022/ M.D.U Campus | Birth Anniversary of Mahatama Gandhi and Sh. Lal Bahadur Shastri were celebrated on 2nd October 2022 at University Campus at Jawan Kisan Chok in which NSS, YRC volunteers participated and cleanliness drive was organized at University Campus. | Prof. Rajbir Singh, Vice-Chancellor MDU, Rohtak | 700 | Dean Students' Welfare Office |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5. | Run for Unity-Rashtriya Ekta Diwas on 31-10-2022 | 31/10/2022/ M.D.U Campus | Celebration of Birth Anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel on 31st October 2022 | Sh. Arvind Sharma, MP, Rohtak<br>Sh. Manmohan Goyal, Mayor Rohtak | 700 | Dean Students' Welfare Office |
| 6. | Celebration of Haryana Day | 01/11/2022/ M.D.U Campus | Celebration of Haryana Day 1st November 2022, on this occasion a Quiz was contested on Haryana and a Haryanvi kavi Sammelan was organized by the Department whole of the crowed appreciated the program. | Sh. Gajender Chauhan,Vice-Chancellor PLV SUPVA | 2000 | Dean Students' Welfare Office |
| 7. | Celebration of Disability week | 3rd to 10th December 2022 / M.D.U Campus | Celebration of Disability week from 3rd to 10th December 2022 at MDU Campus. | Brig. Harbir Singh, Group Commander NCC | 1850 | Dean Students' Welfare Office |
| 8. | Alumni Meet | 7th Jan. 2023/ Tagore Auditorium, MDU Rohtak | Alumni meet was celebrated on 7th Jan. 2023 at Tagore Auditorium. Motivational speech delivered and interactive session conducted by Hon'ble Mr. Jusice Suryakanta, Judge Suprme Court of India with students. | Hon'ble Mr. Jusice Suryakanta, Judge Suprme Court of India. | 1800 | Dean Students' Welfare Office |
| 9. | Maharshi Dayanand Saraswati Jayanti | 15/02/2023/ Tagore Auditorium, M.D.U Campus | Maharshi Dayanand Saraswati Jayanti was celebrated on 15th February 2023 at Tagore Auditorium, MDU Rohtak. | Sh. Manohar Lal, Chief Minister of Haryana<br>Acharya Devrat, Governer of Gujrat | 1500 | Dean Students' Welfare Office |
| 10. | Rang Bahar Festival | 16-18 Feb 2023 at Rose Garden M.D.U Campus | Rang Bahar Festival was celebrated on 16th -18th February 2023 at MDU Campus | Dr. Sharanjeet Kaur, Vice-President and Chairperson, Haryana Welfare Society for Persons with Speech and Hearing Impairment | 4500 | Dean Students' Welfare Office |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11. | Shaidi Diwas | 23/03/2023/ M.D.U Campus | Drug Deaddiction awareness drive organized on the occasion of Shadi Diwas held on 23rd March 2022 at MDU Campus to pay homage to freedom heroes Bhagat Singh, Rajguru, Sukhdev. | Dr. Kailash Kumar, Director CPAS | 500 | Dean Students' Welfare Office |
| 12. | International Women Day | 24-25 March 2023/ M.D.U Campus | Celebration of International Women Day on 24-25 March 2023 at University Campus. | Prof. Rajkumar, DSW MDU | 630 | Dean Students' Welfare Office in collaboration with Women study cell |
| 13. | Mega Blood Donation Camp | 14 April 2023 Dr. Mangalsen Gymnasium Hall, MDU Rohtak | Mega Blood Donation Camp was organized to pay tributes to the martyrs of the JallianwalaBagh massacre on 13 April 2023 at Dr. Mangalsen Multipurpose Gymnasium Hall MDU and 300 hundred blood units were donated. | Brig. Harbir Singh, Group Commander NCC | 700 | Dean Students' Welfare Office |
| 4. | International Yoga Day | 21/06/2023/ M.D.U Campus | International Yoga Day was celebrated on 21 June 2023. | Brig. Harbir Singh, Group Commander NCC | 2000 | Dean Students' Welfare Office |

Link of Photos and newspaper clippings

https://drive.google.com/file/d/1LnjmeKEXaKGWWKtTQ9iWFhiPA1ac02Jy/view?usp=drive_link

Dean, Students' Welfare
**M.D. University, Rohtak**

Director, Youth Welfare
**M.D. University, Rohtak**



Link of Photos and Newspaper clips

https://drive.google.com/file/d/1sK8DxEdCW7dpwVCfnJ-46xkmetPbf2_s/view?usp=sharing

# Kargil Vijay Diwas 26-07-2022



मदवि के राधाकृष्णन सभागार में कारगिल के बलिदानियों के स्वजनों को किया सम्मानित




Maharshi Dayanand University Rohtak
24th Anniversary of



# Patriotic play based on freedom Struggle 25-07-2022



## जश्न-ए-आजादी नाटक ने दर्शकों की मानवीय संवेदनाओं को झकझोरा

दैनिक जागरण और एमडीयू छात्र कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ मंचन, एमडीयू कुलपति और पीएलसी सुपवा के कुलपति ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

### राष्ट्रप्रेम का दिया संदेश

### दैनिक जागरण जनजागरण की निभा रहा भूमिका

**Har ghar tiranga on the occasion of celebration of Independence Day**

**13-08-2022**

राष्ट्रीय ध्वज वंदन कार्यक्रम में एमडीयू आए सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण राज्यमंत्री

# युवा पीढ़ी शहीदों को नमन कर तिरंगे का गौरव बरकरार रखेः ओपी यादव

भास्कर न्यूज़ | रोहतक

तिरंगा भारत की आन-बान-शान है। इस तिरंगे के मान-सम्मान के लिए असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की कुर्बानी दी। देश की युवा पीढ़ी को अपने शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्रीय ध्वज का गौरव बरकरार रखने का आह्वान महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय ध्वज वंदन कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण राज्यमंत्री ओम प्रकाश यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के आह्वान पर पूरे भारत में हर घर तिरंगा अभियान जन-जन में राष्ट्र प्रेम की भावना को मजबूत कर रहा है। एमडीयू ने इस कार्यक्रम के आयोजन से अनूठी पहल की है। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने बतौर विशिष्ट अतिथि कहा कि पूरा भारत आज हर घर तिरंगा पर्व मना रहा है।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि आजादी का अमृत उत्सव उन अमर शहीदों को नमन करने तथा संकल्प लेने का है कि राष्ट्रीय ध्वज के मान-सम्मान के प्रति कोई आंच नहीं आने देंगे। विश्वविद्यालय के खेल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में हर घर तिरंगा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर डॉ. सौरभ वर्मा और छात्रा शीतल ने जोशीले गीत सुनाए। इससे पूर्व, सेंटर फॉर योगिक स्टडीज के निदेशक प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने स्वागत भाषण दिया। आभार प्रदर्शन कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने किया। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में डॉ. शरणजीत कौर, सतीश नांदल, राजेश जैन, प्रो. नवरतन शर्मा, प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डॉ. बीएस सिंधु, प्रो. एएस मान, डॉ. जगबीर राठी तथा डॉ. देवेन्द्र सिंह ढुल मौजूद रहे।



एमडीयू में तिरंगा यात्रा में शामिल मंत्री ओपी यादव, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, वीसी राजबीर सिंह।





# Teej Utsav, Rose Garden, MDU/ 19/08/2022










**Mahatma Gandhi Jayanti 02-10-2022**

# महात्मा गांधी के आदर्श जीवन में उतारें : कुलपति

जागरण संवाददाता, रोहतक : महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण कार्यालय तथा संगीत विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। राधाकृष्णन सभागार में हुए कार्यक्रम में प्रतिष्ठित गायक कलाकार कैलाश वर्मा, प्रो. शुचिस्मिता तथा मुनीष कुमार ने गांधी के प्रिय भजनों समेत अन्य भजनों की गायन प्रस्तुति दी। एमडीयू के छात्र रोहित कुमार, हर्ष तथा विश्वविद्यालय कर्मी सोनू ने भी भजन-गीत प्रस्तुत किए।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि शांतिपूर्ण तथा आनंदमय जीवन के लिए महात्मा गांधी के प्रेरणादायी विचारों को जीवन में अपनाना होगा।महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री का संपूर्ण जीवन तथा उनके विचार हमें नैतिक पथ पर चलने को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो.




रोहतक एमडीयू में कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद कुलपति व अन्य । • सौजन्य पीआरओ

राजकुमार ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री का श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम संचालन एमडीयू यूथ रेड क्रास समन्वयिका डा. अंजू धीमान तथा बाटनी विभाग की डा. आशा शर्मा ने किया। इस मौके पर एमडीयू की प्रथम महिला डा. शरणजीत कौर, डीन सीडीसी प्रो. एएस मान, प्राक्टर प्रो. एससी मलिक, डीन इंटर डिसीप्लीनरी फैकल्टी प्रो. सुरेन्द्र कुमार, प्रो. नसीब सिंह गिल, प्रो. अरूण नंदा, प्रो. विमल सिंह, प्रो. रणदीप राणा, प्रो. सपना गर्ग, वाईआरसी काउंसलर डा. कपिल मल्होत्रा, डा. धीरज खुराना, डा. श्रीभगवान, डा. सोनू, डा. अंजू पंवार और निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी आदि मौजूद रहे।


महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक
गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
भजन-गायन
अक्टूबर 2 , 2022
गायक कलाकार - श्री कैलाश वर्मा, प्रो० शुचिस्मिता एवं मुनीश कुमार
मुख्य अतिथि
श्री जगदीप सिंह
अध्यक्षता
प्रो० राजबीर सिंह
कुलपति मदवि रोहतक
Azadi Ka Amrit Mahotsav


मुनीश कुमार
मदवि रोहतक

# National Unity Day 31-10-2022

## रन फार यूनिटी में युवाओं ने लगाई दौड़

जागरण संवाददाता, रोहतक : लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में रन फार यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया और सरदार पटेल भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय तथा खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रन फार यूनिटी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोहतक लोक सांसद अरविन्द शर्मा ने झंडी दिखाकर दौड़ को सरदार वल्लभ भाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम से रवाना किया। बतौर विशिष्ट अतिथि रोहतक के मेयर मनमोहन गोयल उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के डीन, स्टूडेंट वेल्फेयर प्रो. राजकुमार, डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. नवरतन शर्मा उपस्थित रहे।



एमडीयू के खेल विभाग में राष्ट्रीय एकता दिवस पर मैराथन में भाग लेती छात्राएं। • जागरण।






NATIONAL CADET CORPS

# Haryana Day Celebration 01-11-2022







# एमडीयू में दिखी हरियाणा, पंजाब व हिमाचल की सांस्कृतिक झलक

## रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में कई राज्यों से आए कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति, कुलपति ने दी हरियाणा दिवस की बधाई



**हरियाणा के देसी व्यंजनों की महक फैली**





### वीनलैंड पब्लिक स्कूल में करवाई काव्य पाठ प्रतियोगिता

### कन्या महाविद्यालय खरखौदा की टीम रही प्रथम


हरियाणा दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
हरियाणा दिवस समारोह
नवम्बर 1, 2022
आयोजक- छात्र कल्याण


महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक
हरियाणा दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
हरियाणा दिवस समारोह
नवम्बर 1, 2022

# Celebration of Disability Week 3-10 Dec. 2022

## पोस्टरों में उकेरा दिव्यांगता नहीं बाधा

### एमडीयू में दिव्यांगता एवं मानवाधिकार सप्ताह पर प्रतियोगिता का आयोजन

माई सिटी रिपोर्टर




एमडीयू के टैगोर सभागार में पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में पोस्टर बनाते विद्यार्थी। अमर उजाला

रोहतक। दिव्यांगता कोई बाधा नहीं है। अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय के बल पर दिव्यांगों ने समाज में एक अलग पहचान बनाई है। दिव्यांगों को समाज जीवन की मुख्यधारा में स्वीकार्य करते हुए समान अवसर एवं सम्मान दें। यह बात सोमवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में दिव्यांगता एवं मानवाधिकार सप्ताह के तहत दृश्य कला विभाग की ओर से टैगोर सभागार में आयोजित पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बनाए गए पोस्टरों एवं स्लोगन में उभर कर सामने आई।

'डिसएबिलिटी एंड ह्यूमन डाइवर्सिटी, इनक्लूजन मैटर्स, डिसएबिलिटी इज नॉट ए बैरियर' विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें अपने रचनात्मक कौशल के जरिये दिव्यांगता के बारे में जागरूकता की अलख जगाने का सार्थक प्रयास किया।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शिरकत करते हुए सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि डिसएबिलिटी कोई बाधा नहीं है। दिव्यांगजन भी उतने ही क्षमतावान है, जितना एक आम इंसान। बस जरूरत है कि दिव्यांगजनों को आमजनों की तरह अवसर उपलब्ध करवाने की। समानता का भाव देते हुए समान सम्मान देने की।

हरियाणा वेलफेयर सोसाइटी फॉर पर्संस विद स्पीच एंड हीयरिंग इंपेयरमेंट, पंचकूला की चेयरपर्सन डॉ. शरणजीत कौर ने बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने दिव्यांगजनों की उच्च शिक्षा के लिए एमडीयू की ओर से प्रारंभ किए गए सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज की स्थापना के लिए कुलपति व एमडीयू परिवार को सराहा।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रो. बिंदु शर्मा व एमडीयू की सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. सरोजनी नांदल भी कार्यक्रम में स्पेशल गेस्ट के तौर पर शामिल हुईं। डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. नवरतन शर्मा ने कहा कि एमडीयू दिव्यांगता एवं मानवाधिकार सप्ताह के तहत दिव्यांगों के बारे में समाज में जागरूकता की अलख जगाने के लिए प्रयासरत है। अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. राजकुमार ने स्वागत भाषण में कहा कि प्रतियोगिता के विजेताओं को 10 दिसंबर को समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। आभार प्रदर्शन डीन मानविकी एवं कला प्रो. हरीश कुमार ने किया। दृश्य कला विभाग की प्राध्यापिका डॉ. अंजलि दुहन ने प्रतियोगिता का संचालन एवं समन्वयन किया।




MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY, ROHTAK
and
Haryana Welfare Society for Persons with Speech and Hearing Impairment
'Celebration of Disability and Human Rights Week'
(3rd -10th December 2022)
Plenary Session on
Disability as Human Diversity
Prof Rajbir Singh, Vice Chancellor, MDU Rohtak


MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY, ROHTAK
and
Haryana Welfare Society for Persons with Speech and Hearing Impairment
'Celebration of Disability and Human Rights Week'
(3rd -10th December 2022)
Plenary Session on
Disability as Human Diversity
December 10, 2022
Prof Rajbir Singh




दिव्यांग


Celebration of "Disability and Human Rights Week"
Organised By
Department of Education
in Collaboration with Student's Welfare Department and Centre
Disability Studies, M.D.U Rohtak and HWSPSHI, Panchkula
Panel Discussion On Inclusive
December 09, 2022
Venue :




AWARENESS PROGRAMME


DEPARTMENT OF PSYCHOLOGY
MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY, ROHTAK
SYMPOSIUM
"POSITIVE HEALTH AND DISABILITY"
"DISABILITY AND HUMAN RIGHTS" WEEK
Live without


MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK
DEPARTMENT OF LAW
Celebrating Disability Week
With
Haryana Welfare Society for Persons with Speech and Hearing Impairment
(HWSPSHI) Panchkula
Organising
STATE LEVEL QUIZ CONTEST


MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK
DEPARTMENT OF LAW
Celebrating Disability Week
With
Haryana Welfare Society for Persons with Speech and Hearing Impairment
(HWSPSHI) Panchkula
Organising
STATE LEVEL QUIZ CONTEST
&
DECLAMATION COMPETITION

**Hon’ble Mr. Jusice Suryakanta, Judge Suprme Court of India 7th Jan. 2023/ Tagore Auditorium, MDU Rohtak**






**Maharshi Dayanand Saraswati Jayanti 15-02-023**

### मदवि में महर्षि दयानंद सरस्वती के जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री

# युवा महर्षि दयानंद सरस्वती से प्रेरणा लेकर नव जागरण का संकल्प लें

- सीएम ने कहा–महर्षि दयानंद सरस्वती ने भारत के सोए हुए स्वाभिमान को जगाया
- गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने युवाओं को महर्षि दयानंद सरस्वती के पद चिह्नों पर चलने का आह्वान किया



रोहतक। मदवि में आयोजित महर्षि दयानंद सरस्वती के जयंती समारोह में पुस्तक का विमोचन करते गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, कुलपति प्रो. राजबीर सिंह व पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने भारत के सोए हुए स्वाभिमान को जगाया। आज जरूरत है कि सामाजिक परिवर्तन के संवाहक सरस्वती के विचारों से प्रेरणा लेकर युवा वर्ग नव जागरण का संकल्प लें। सीएम बुधवार को मदवि में महर्षि दयानंद सरस्वती के जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधन दे रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने की। राज्यपाल ने युवाओं को महर्षि दयानंद सरस्वती के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की सराहना की और कहा कि वीसी ने स्वामी दयानंद के वैचारिक दर्शन की जागरूकता को लेकर अच्छे प्रयास किए हैं।

## युवा भारत-युवा बोध अभियान की शुरुआत

सीएम मनोहरलाल ने कार्यक्रम में युवा भारत-युवा बोध अभियान की शुरुआत का शंखनाद किया गया और कहा कि छात्र सरस्वती के जीवन एवं दर्शन तथा उनके अमूल्य योगदान का स्मरण करते हुए राष्ट्र के नव-निर्माण में उनके चिंतन एवं दर्शन को लेकर कार्य करने का संकल्प लें। ऐसा करने से ही देश आगे बढ़ेगा। जयंती के द्वि शताब्दी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कार्यक्रम में सात प्रण की शपथ दिलवाई। इस मौके पर युवा भारत-युवा बोध अभियान संबंधित पत्रक (विवरणिका) का विमोचन इस अवसर पर किया गया।

## महान समाज सुधारक थे महर्षि दयानंद

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस मौके पर कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती महान समाज सुधारक थे। वीसी ने सरस्वती के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि स्वराज्य, स्वदेश, स्वभाषा तथा स्वतंत्र भारत का आह्वान स्वामी दयानंद ने किया था। वीसी ने बताया कि बेटियों की शिक्षा के लिए स्वामी दयानंद ने सामाजिक अलख जगाई थी। आज स्वामी दयानंद सरस्वती के दर्शन एवं शिक्षा का पुनर्जीवित कर व्यापक सामाजिक जन आंदोलन प्रारंभ करने की जरूरत है। ऐसा कुलपति ने कहा।

## विवेकानंद पुस्तकालय विस्तारण भवन का किया उद्घाटन

महर्षि दयानन्द सरस्वती की जयंती के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रोहतक में मदवि परिसर में विवेकानंद पुस्तकालय विस्तारण भवन का उद्घाटन किया। दयानन्द सेंटर फॉर वैदिक एंड योगिक स्टडीज के भवन तथा यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज की भी आधारशिला रखी। इस पर 850 लाख रुपये की अनुमानित लागत आई है।

## ये रहे मौजूद

टैगोर सभागार में आयोजित महर्षि दयानंद जयंती समारोह में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के अध्यक्ष राधाकृष्ण आर्य, स्वामी आदित्यवेश, स्वामी नित्यानंद, भाजपा संगठन मंत्री रविन्द्र राजू, शिक्षाविद डॉ. सीता राम व्यास, पद्मश्री डॉ. सुकामा, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय बंसल, आर्य समाज के प्रतिनिधिगण, कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की पत्नी डॉ. शरणजीत कौर, रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा, संकाय डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी, वाईआरसी तथा एनएसएस वालंटियर्स, एनसीसी कैडेट्स और शिक्षक कर्मी, संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्राध्यापक और छात्र मौजूद रहे।


मुख्य अतिथि
श्री मनोहर लाल
माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा
अध्यक्षता
आचार्य देवव्रत
माननीय राज्यपाल, गुजरात
15 फरवरी 20



# Rang Bahar Festival 16-18 Feb. 2023



जागरण सिटी रोहतक

www.jagran.com

# फूलों की खूबसूरत छटा के बीच गीत–संगीत की गूंज

## एमडीयू में रंग-बहार कार्यक्रम का समापन, वसंत-फाल्गुनी ऋतु की मस्ती, ढोल-नगाड़ों की थाप पर गुंजायमान गीत

# एमडीयू में रंग बहार महोत्सव में जमा रंग



एमडीयू में आयोजित रंग बहार महोत्सव के दौरान फूलों की प्रदर्शनी को देखते हुए कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह।



पेंटिंग करती छात्रा।

### रंग बहार स्पर्धा के परिणाम

केक डिजाइन - लक्षिता
टेबल अरेंजमेंट- रजनी
फ्लोरल ज्वैलरी- रक्षाशा
कटफ्लावर (डिव-4 डेल्स)
ग्लैडियोलस फ्लावर- पूनम
लिली फ्लावर-जगदीश
डहलिया फ्लावर -रजनी
गुलाब फ्लावर -दीपा
गजानिया फ्लावर- रजनी
कैलेंडुला फ्लावर - रजनी
पॉटेड(डिविज़न)
कलानचो फ्लावर- हिंदू कॉलेज
सालविया फ्लावर- उपेन्द्र दत्त
डहलिया फ्लावर- प्रतिभा
पेटुनिया फ्लावर -हिंदू गर्ल्स कॉलेज
डायन्थस फ्लावर- पुलिस रोहतक
गुलाब फ्लावर- रजनी
पैंसी फ्लावर- हिंदू गर्ल्स कॉलेज
लिली -पुलिस रोहतक
गजानिया- फ्लावर रजनी
कैलेंडुला फ्लावर - अनु
वर्बीना फ्लावर -उपेन्द्र
फोलिएज प्लांट/ बोन्साई/ कैक्टीस्ट प्लांट
अनिल नर्सरी झोटन
पॉट- रजनी
सक्युलेंट प्लांट हिंदू गर्ल्स कॉलेज
बोन्साई प्लांट अनिल नर्सरी
कैक्टी प्लांट-हिंदू गर्ल्स कॉलेज
बेस्ट ऑफ गार्डन ऑफ द ड्रीम- अदा कश्यप
रंगोली- कृतिका



राजस्थान से आये हुए कलाकार लोगों का मनोरंजन करते हुए।



एमडीयू में आयोजित रंग बहार महोत्सव के दौरान फूलों को देखती हुईं छात्राएं।



रंगोली को देखती हुईं छात्राएं।

## रंग-बहार महोत्सव ; तरह-तरह के फूलों से महक उठा एमडीयू



रोहतक • रंग बहार महोत्सव से शनिवार को एमडीयू फूलों से महक उठा। इस दौरान चारों ओर एक से बढ़कर एक किस्म के फूलों ने सभी को आकर्षित किया। स्टूडेंट्स ने फूलों के बीच जमकर फोटो शूट किया। महोत्सव में करीब 250 से ज्यादा किस्म के फूलों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर कई तरह की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

# मधुर यादें छोड़ गया रंग बहार उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फूलों की बहार का प्रतीक पुष्पोत्सव रंग बहार उत्सव का शनिवार को समापन हो गया। फूलों की खूबसूरत छटा, बसंत-फाल्गुनी ऋतु की मस्ती, ढोल-नगाड़ों की थाप पर गुंजायमान गीत-संगीत, युवा दिलों का उमंग-उल्लास, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का छौंक समाहित किए रंग बहार 2023 रंग-रुप-सौंदर्य का प्रतीक पर्व के रूप में लुभा गया। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि रंग बहार उत्सव प्रकृति प्रेम का प्रकटोत्सव है। एमडीयू पूरे भारत में ग्रीन-क्लीन कैंपस के रूप में ख्याति प्राप्त है। इस रंग बहार उत्सव के जरिए एमडीयू के पर्यावरणीय सरोकारों को जन-मानस तक ले जाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस उत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर का उत्सव बनाया जाएगा। मुख्य अतिथि दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुरेश कैत ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति प्रेम, स्वच्छता को मुखरित करता हुआ एमडीयू का रंग बहार नायाब कार्यक्रम है। उन्होंने कार्यक्रम के लिए टीम एमडीयू को बधाई दी। न्यायाधीश सुरेश कैत तथा एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने रंग बहार के विभिन्न इवेंट्स के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।




## मौके पर ये रहे मौजूद

रंग बहार इवेंट की समन्वयिका प्रो. विनीता हुड्डा ने रंग बहार इवेंट में प्रतिभागिता के लिए सभी प्रतिभागियों का आभार जताया। उन्होंने बताया कि रंग बहार पुष्प उत्सव में फ्लावर



एरेंजमेंट्स, कट फ्लावरस, पौटेड प्लांट्स, डेकोरेटिव पौटेड प्लांट्स सहित रंगोली, सेल्फी, फोटोग्राफी कंटेस्ट भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शानदार हरियाणवी नृत्य, दिलकश कव्वाली तथा चुटीले हास्य व्यंग्य का भी समावेश रहा। प्रतिभागियों ने सुंदर रंगोली बनाकर रंग बहार में कलात्मक अभिव्यक्ति दी। उन्होंने कहा कि फूलों की बहार समेटे, प्रतिभागियों की सृजनात्मक अभिव्यक्ति का समावेश करते हुए विद्यार्थियों की खुशियों की सौगात लेते हुए रंग बहार उत्सव मधुर यादें छोड़ गया। इस अवसर पर कुलपति की पत्नी डॉ. शरणजीत कौर, न्यायाधीश सुरेश कैत की पत्नी सरोज बाला कैत, बॉटनी विभाग से डॉ. सुरेंद्र सिंह यादव, डॉ. गुंजन मलिक, रोहतक के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश नरेश कुमार, एसीजेएम मंगलेश चौबे, डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. सुरेंद्र कुमार, प्रो. विमल, प्रो. हरीश कुमार, प्रो. राधेश्याम, प्रो. सुप्रीति, प्रो. सोनिया मलिक, प्रो. नसीब सिंह गिल, प्रो. विनीता शुक्ला, प्रो. सपना गर्ग, सहायक निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी आदि मौजूद रहे।

## Motivational Talk by B.K. Shivani 19-02-2023



एमडीयू के टैगोर सभागार में रविवार को बीके शिवानी का व्याख्यान सुनते शहर के गण्यमान्य और छात्र-छात्राएं। अमर उजाला

### एमडीयू के टैगोर सभागर में आयोजित समारोह में बोलीं-बीके शिवानी

# खुशी के लिए खरीद रहे नई चीजें, पूर्ति के लिए प्रकृति में मची उथल-पुथल

माई सिटी रिपोर्टर

रोहतक। हम अपनी खुशी के लिए तीन से चार दिन में नई ड्रेस या अन्य चीजें खरीदते हैं। इसकी पूर्ति में प्रकृति उथल-पुथल हो रही है। आकर्षक पैकिंग में लिपटा वैलवेट बॉक्स हमारा शरीर है। इस बॉक्स में रखे डायमंड रूपी दिमाग सुरक्षित है। इस डायमंड के लिए समय देने की जरूरत है। मन की शक्ति को बढ़ाने की जरूरत है। यह कहना है अंतरराष्ट्रीय प्रेरक उद्घोषक ब्रह्माकुमारी शिवानी का। वह रविवार सुबह एमडीयू के टैगोर सभागार में हाउ टू हैप्पीनेस विषय पर बोल रही थी। झूठी शान-शौकत व चीजों में खुशी न तलाश कर उपयुक्त जीवन शैली व सकारात्मक चिंतन का रास्ता चुनने और कर्मयोगी बनने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि थके हुए मन, थके हुए तन से खुशी प्राप्त नहीं हो सकती। खुशी बाहरी भौतिक वस्तुओं से नहीं, आंतरिक सुकून, आत्मिक शांति में समाहित है। खुद के लिए खुशियों का संसार सृजित करना है तो अपनी दिनचर्या, जीवन शैली, खान-पान व मानसिक सोच में आमूलचूल बदलाव लाना होगा। अपने पारंपरिक संस्कार, संस्कृति, सादगीपूर्ण जीवन की ओर लौटने व वास्तविक हैप्पीनेस का रास्ता प्रशस्त करते हुए अपने बच्चों को नए-नए खिलौनों के साथ वह दे जो बचपन में हमें मिला। साथ ही जीवन में उपयुक्त जीवनशैली व सकारात्मक चिंतन का रास्ता चुनने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने जीवन में संयम, नियम व स्व-अनुशासन का पक्ष लेते हुए सद्गुणों का अंगीकार कर सही मायने में कर्मयोगी बनने की सलाह दी।

### शिवानी वास्तव में प्रेरणादायी गुरु : कुलपति

एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कार्यक्रम के प्रारंभ में कहा कि ब्रह्माकुमारी शिवानी वास्तव में प्रेरणादायी गुरु हैं। ये जीवन शिक्षा समाज-राष्ट्र के लोगों को दे रही हैं। उनके व्याख्यान से एमडीयू समुदाय में सकारात्मक सोच का संचार होगा। एमडीयू डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. राजकुमार ने स्वागत भाषण दिया। प्रारंभिक उद्घोषणा निदेशक युवा कल्याण डॉ. जगबीर राठी ने की। मंच संचालन ब्रह्मकुमारी शालू ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ व समापन ध्यान एवं शांति सत्र से संचालित किया गया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, उनकी पत्नी डॉ. शरणजीत कौर, कुलसचिव प्रो. गुलशन तनेजा, उनकी पत्नी डॉ. अरुणा तनेजा ने पुष्प गुच्छ देकर अतिथि का स्वागत किया। निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी, पंकज नैन, ब्रह्माकुमारी रक्षा, शिक्षक, विद्यार्थी व अन्य रहे।




International Motivational
Speaker & Rajyoga Teacher
February
2023
ओ३म्




aharshi Dayanand U



# Sahidi Diwas 23-03-2023



www.punjabkesari.in

रोहतक केसरी

# शहीद दिवस पर एमडीयू में मनाया नशा मुक्ति चेतना कार्यक्रम

*शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक एवं विद्यार्थी व कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी।*

रोहतक, 23 मार्च (पंकेस) : महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (सी.पी.ए.एस.), गुरुग्राम के यूनिवर्सिटी यूथ रेड क्रॉस विंग द्वारा वीरवार को शहीदी दिवस पर नशा मुक्ति चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सी.पी.ए.एस. निदेशक डॉ. कैलाश कुमार ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव की शहादत को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने विद्यार्थियों को मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के जीवन से प्रेरणा लेते हुए देश एवं समाज के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करने का आह्वान किया। यूथ रेड क्रॉस समन्वयक डा. संदीप अग्रवाल ने बताया कि 26 जून इंटरनेशनल डे एगेंस्ट ड्रग एब्यूज एण्ड इलीसिट ट्रैफिकिंग दिवस तक विविध साहित्यिक-सांस्कृतिक-आउटरीच गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसी नशा मुक्ति अभियान के तहत आज शहादत दिवस पर विद्यार्थियों द्वारा नशाखोरी के खिलाफ जन चेतना रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सेंटर के प्राध्यापक एवं विभिन्न संकायों के विद्यार्थीओं एवं शोधार्थियों द्वारा गुरुग्राम सेक्टर 40, सेक्टर 31, झाड़सा होते हुए समाज में नशे से दूर रहने का सन्देश दिया। अभिनव चौधरी, प्रथम जेटली, रिंकू, मोहित, पारस, नितेश, गौरव, सिद्धार्थ, दीपक ठाकरान, पूजा, अंकित, महक, हरीश, सजल, मुस्कान, चेतना एवं अन्य वालंटियर्स ने इस जागरूकता अभियान में भाग लिया।

## शिक्षा विभाग में दी गई शहीदों को श्रद्धांजलि

आज एमडीयू के शिक्षा विभाग में शहीदी दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. नीरू राठी समेत विभाग के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने महान स्वतंत्रता सेनानियों, भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और अपनी श्रद्धांजलि दी।

डा. नीरू राठी ने कहा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे आजादी के दीवानों की शहादत के कारण ही आज हम स्वतंत्र जीवन जी रहे हैं। अगर हम पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपना अपना कार्य करें और देश के निर्माण में अपना सहयोग दें यही इन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी, ऐसा उनका कहना था।

विभाग के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्राध्यापक प्रो. जितेंद्र कुमार, डा. माधुरी हुड्डा, डा. उपेन्द्र मलिक और डा. वनिता रोज भी उपस्थित रहे। वन्दे मातरम् के नारों के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ।

*एमडीयू में रैली निकालते शिक्षक एवं विद्यार्थी।*

## जन चेतना रैली निकालकर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में नशा मुक्ति की अलख जगाते हुए जन चेतना रैली निकाल सार्थक संदेश दिया गया। डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने खेल परिसर में हरी झंडी दिखाते हुए इस जन चेतना रैली का शुभारंभ किया। प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने इस अवसर पर युवाओं से शही[...] जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र एवं स[...] के विकास में अपना योगदान दे[...] आह्वान किया।

उन्होंने नशा मुक्ति के लिए यु[...] को आगे आकर समाज में जागर[...] की लौ प्रज्वलित करने की बात [...] डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. राज[...] उप खेल निदेशिका डा. शं[...] बैनीवाल, यूआईईटी निदेशक [...] युद्धवीर सिंह, वाईआरसी का[...] समन्वयिका प्रो. अंजू धीमान [...] एमडीयू के शिक्षकों, शोधा[...] विद्यार्थियों, एनएसएस वाल[...] वाईआरसी वालंटियर्स, एनसीसी कै[...] खिलाड़ियों एवं खेल प्रशिक्षकों [...] इस जन चेतना रैली में भाग लिय[...] जन चेतना रैली टैगोर सभागार, स[...] होते हुए यह जन चेतना रैली [...] स्मारक पर संपन्न हुई। जहां विश्व[...] परिवार ने पुष्प अर्पित कर [...] अपनी श्रद्धांजलि अर्पित [...]




Martyrs' Day


MAHARSHI DAYANAND UNIVER
AWARENESS RA
DRUG & ALCOHOL A

**Celebration of International Women Day 25-03-2023**

# 100 मीटर दौड़ में छाईं संगीता, सपना

## एमडीयू में वुमेन फिटनेस और शारीरिक गतिविधि बढ़ाने के लिए आयोजित की गई खेल प्रतियोगिता संपन्न

माई सिटी रिपोर्टर

रोहतक। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2023 के उपलक्ष्य में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में वुमेन फिटनेस और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई दो दिवसीय महिला खेल प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया है।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. राजकुमार ने खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विजेता छात्राओं एवं महिला कर्मियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रतिभागी छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में खेल को महत्वपूर्ण बताया। प्रो. पुष्पा दहिया ने कहा कि 100 मीटर दौड़ में टीका राम कन्या महाविद्यालय सोनीपत की सपना गुप्ता प्रथम, यूटीडी की संगीता द्वितीय, एमकेजेके की अंजलि तृतीय रही। 200 मीटर दौड़ में एमकेजेके की अंजलि प्रथम, टीकाराम कन्या महाविद्यालय सोनीपत की सपना गुप्ता द्वितीय व एमकेजेके की शिखा तृतीय रही। बैडमिंटन में आईसी कॉलेज की उषा प्रथम, यूआईईटी की इंदु द्वितीय, एमकेजेके की नीशू तृतीय रही।

टेबल टेनिस में यूआईईटी की आस्था प्रथम, हिंदू कन्या महाविद्यालय सोनीपत की दृष्टि द्वितीय व यूआईईटी की श्वेता तृतीय रही। योगासन में यूटीडी के गणित विभाग की सपना प्रथम, राजकीय महिला महाविद्यालय जसौरखेड़ी की तनू द्वितीय व सेंटर फॉर योगिक स्टडीज की मीनाक्षी तृतीय रही। लंबी कूद में एमकेजेके की शिखा प्रथम और अंजलि द्वितीय व एमडीयू की संगीता तृतीय रही। वुमेन एंप्लाइज की 100 मीटर दौड़ में यूआईईटी की ज्योति प्रथम, एमकेजेके की मनीषा द्वितीय रही।



अतिथियों के साथ प्रतियोगिता की विजेता महिला खिलाड़ी। अमर उजाला

## Mega Blood Donational Camp, Dr. Mangalsen Gymnasium Hall, MDU on 13 April 2023

दैनिक जागरण हिसार, 14 अप्रैल, 2023



# परोपकार से बड़ा कोई उपकार नहीं : कुलपति

## एमडीयू में मेगा स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित, युवा रक्तदान कर परोपकारी बनें



एमडीयू के डा. मंगलसेन जिम्नेजियम हाल में रक्तदान शिविर में रक्तदाता ब्रिगेडियर हरबीर सिंह को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।


रोहतक : एमडीयू के डा. मंगलसेन जिम्नेजियम हाल में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाता डीन, छात्र कल्याण प्रो. राजकुमार को बैज लगाते डा. अंजु धीमान।

जागरण संवाददाता, रोहतक : जीवन में परोपकार से बढ़कर कोई उपकार नहीं होता। युवा रक्तदान कर परोपकारी बनें। यह उद्गार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने वीरवार को खेल परिसर स्थित डा. मंगलसेन मल्टीपर्पज हाल में आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में अध्यक्षीय संबोधन में व्यक्त किए। एमडीयू के छात्र कल्याण कार्यालय, एनएसएस, वाईआरसी, एमडीयू-सीपीएएस, हेल्थ सेंटर तथा एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में लगभग 300 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अपने प्रभावी संबोधन में सर्वप्रथम जलियांवाला बाग नरसंहार में बलिदान देने वाले बलिदानियों को नमन किया और श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बैसाखी की बधाई देते हुए इसके महत्व पर प्रका[illegible] दिन इस महा रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि एमडीयू स्वामी दयानंद के विचारों को आगे बढ़ाते हुए समाजसेवा के कार्य में जुटा है।

विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर हरबीर सिंह, ग्रुप कमांडर, एनसीसी हेडक्वार्टर, रोहतक ने स्वयं रक्तदान कर इस शिविर में अपनी आहुति [illegible] कि एनसीसी कैडेट्स इस कार्यक्रम में पूरे उत्साह एवं जोश से भाग ले रहे हैं। उन्होंने इस शानदार कार्यक्रम आयोजन के लिए एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह एवं एमडीयू परिवार को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुरेश गुप्ता तथा स्मृति जैन, डायरेक्टर, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, एलपीएस बोसार्ड भी इस अवसर पर विशेष तौर पर [illegible] डा. जगबीर राठी ने कार्यक्रम का संचालन किया। वाईआरसी कार्यक्रम समन्वयिका प्रो. अंजु धीमान ने स्वागत भाषण दिया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. राजकुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर खेल निदेशक प्रो. आरपी गर्ग, प्रो. सोनिया मलिक, प्रो. सत्यवान बरोदा, प्रो. कुलताज, प्रो. सपना गर्ग, लाइब्रेरियन डा. सतीश, शकुंतला बेनीवाल, एमडीयू हेल्थ सेंटर प्रभारी डा. स्वाती, एमडीयू गैर शिक्षक संघ प्रधान जयबाग मलिक, महासचिव सुरेश कौशिक, पीआरओ पंकज नैन, सहायक निदेशक युवा कल्याण डा. प्रताप राठी समेत एमडीयू के शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मी, एमडीयू तथा संबद्ध महाविद्यालयों के एनएसएस, आउटरीच वालंटियर्स, कार्यक्रम अधिकारी, खेल प्रशिक्षक [illegible]

डा. मंगलसेन मल्टीपर्पज हाल में लगाया गया रक्तदान शिविर

# 300 युवाओं ने किया रक्तदान

माई सिटी रिपोर्टर


एमडीयू के खेल विभाग में आयोजित शिविर में शामिल रक्तदाता और अतिथि। विज्ञप्ति

रोहतक। जीवन में परोपकार से बढ़ कर कोई उपकार नहीं है। युवा रक्तदान कर परोपकारी बनें। यह कहना है महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का। वे वीरवार को खेल परिसर स्थित डॉ. मंगलसेन मल्टीपर्पज हॉल में आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में बोल रहे थे। यहां 300 युवाओं ने रक्तदान किया। एमडीयू के छात्र कल्याण कार्यालय, एनएसएस, वाईआरसी, एमडीयू-सीपीएएस, हेल्थ सेंटर व एनसीसी ग्रुप हैडक्वार्टर के संयुक्त तत्वावधान में शिविर आयोजित किया गया।

कुलपति ने जलियांवाला बाग नरसंहार के शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि देते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस विशेष दिन रक्तदान शिविर के आयोजन को सराहा गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर हरबीर सिंह, ग्रुप कमांडर, एनसीसी हेडक्वार्टर ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स इस कार्यक्रम में पूरे उत्साह एवं जोश से भाग ले रहे हैं।

विशिष्ट अतिथि सुरेश गुप्ता व बीपी जैन स्किल डेवलपमेंट सेंटर निदेशक स्मृति जैन रही। युवा कल्याण निदेशक डॉ. जगबीर राठी ने कार्यक्रम का संचालन किया। वाईआरसी कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अंजु धीमान ने स्वागत भाषण दिया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. राजकुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। डायरेक्टर, यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रो. राधेश्याम ने आभार जताया।

इस मौके पर खेल निदेशक प्रो. आरपी गर्ग, प्रो. सोनिया मलिक, प्रो. सत्यवान बरोदा, प्रो. कुलताज, प्रो. सपना गर्ग, लाइब्रेरियन डॉ. सतीश मलिक, उपनिदेशक खेल डॉ. शकुंतला बेनीवाल, एमडीयू हेल्थ सेंटर प्रभारी डॉ. स्वाति, जयबाग मलिक, महासचिव सुरेश कौशिक आदि मौजूद रहे।

# Celebration of International yoga Day21-06-2023






Thursday, 22 June 2023 www.punjabkesari.



। एम.डी.यू. में योग करते शिक्षक।



वीरवार • 22.06.2023
amarujala.com/rohtak



एमडीयू में योग करते विद्यार्थी। संवाद

